# दर्दनाक मौत, डिलीवरी एम्बुलेंस 3 घंटे जाम में फंसी, गर्भ में ही नवजात ने तोड़ा दम

### मैहर-सतना में सड़क पर मौत का जाम, प्रसूता को लेकर भटकी एम्बुलेंस, गुस्साई भीड़ ने फैक्ट्री के सामने किया प्रदर्शन

**सतना।** मैहर में ट्रैफिक की अव्यवस्था एक नवजात शिशु की मौत का कारण बन गई। गुरुवार रात एक महिला को डिलीवरी के लिए ले जा रही एम्बुलेंस दो अलग-अलग जगहों पर कुल 3 घंटे तक भीषण जाम में फंसी रही। समय पर इलाज न मिलने के कारण बच्चे की गर्भ में ही मौत हो गई।

### क्या है पूरा घटनाक्रम

पीडिता तुलसा कोल 29,भदनपुर गांव,मैहर को प्रसव पीड़ा गुरुवार रात 8 बजे हुई। जाम की पहली भेंट (अल्ट्राटेक फैक्ट्री) रात करीब 9 बजे एम्बुलेंस मैहर अस्पताल के लिए निकली। मैहर से 8 किमी पहले अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के पास भारी वाहनों (ट्रकों) की कतार लगी थी। महिला की सास नीराबाई के मुताबिक,एम्बुलेंस यहां एक घंटे तक फंसी रही,जबकि बहू दर्द से तड़प रही थी। रात सवा 10 बजे किसी तरह मैहर सिविल अस्पताल पहुंचे। हाई ब्लीडिंग और गंभीर स्थिति देखकर डॉक्टरों ने तुरंत सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एम्बुलेंस यहां सतना रात करीब 11:30 बजे सतना के लिए रवाना हुई,लेकिन सतना में चल रहे सड़क निर्माण के कारण एम्बुलेंस फिर लंबे जाम में फंस गई। यह जाम दो घंटे से अधिक रहा। परिणाम रात करीब 2 बजे



सतना जिला अस्पताल पहुंचने पर महिला ने मृत शिशु को जन्म दिया। नीराबाई ने बताया कि यह उनका पहला बच्चा था, जिसकी शादी एक साल पहले ही हुई थी।

### गुस्साए परिजनों का चक्काजाम

शिशु की मौत से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे अल्ट्राटेक सीमेंट



फैक्ट्री के सामने फिर से जाम लगा दिया। निशानाः उन्होंने फैक्ट्री में जाने वाले ट्रकों को अंदर जाने से रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री से रोजाना पत्थर से भरे ट्रकों की अव्यवस्थित आवा जाही रहती है और रात में ये ट्रक सड़क पर खड़े हो जाते हैं,जिससे जाम लगता है। करीब डेढ़ घंटे तक चले जाम के बाद फैक्ट्री प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रैफिक सुधारने का आश्वासन दिया,जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। मैहर सिविल अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.दीपक तिवारी ने पुष्टि की कि देर रात तुलसा को हाई ब्लीडिंग के साथ लाया गया था,जिसे गंभीर हालत देखते हुए सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। महिला अभी सतना में भर्ती है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया चित्रकूट में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शुक्रवार को चित्रकूट के भ्रमण के दौरान निर्माण कार्यो का स्थल भ्रमण किया और कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने चित्रकूट के कामता नाथ परिक्रमा पथ और अन्य निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत जिला एवं तहसील स्तर पर 41 खण्डपीठ हुई गठित

**सतना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जबलपुर (सालसा) के निर्देशानुसार 13 दिसम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में पूरे न्यायिक जिले के लिये 41 खण्डपीठो का गठन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पार्थ शंकर मिश्र लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया है कि लोकअदालत का शुभारंभ 13 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे एडीआर भवन सतना में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी द्वारा किया जाएगा। श्री मिश्र ने वादकारियों से सिविल,राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण,138 एन.आई.एक्ट,श्रम, वैवाहिक,भरण - पोषण,मोटर दावा दुर्घटना,विद्युत प्रकरण आदि के लंबित मुकदमे एवं जलकर,बैंक रिकवरी,विद्युत, बीएसएनएल आदि प्रीलिटिगेशन प्रकरणो के निराकरण में उत्साह के साथ भाग लेने तथा ऋण तथा विद्युत संबंधी मामलों में विशेष छूट प्राप्त कर मामले के निराकरण कराने की अपील की है। यह भी बताया गया है कि लोकअदालत सतना, मैहर, अमरपाटन, नागौद,रामपुर बाघेलान,उंचेहरा एवं चित्रकूट के तहसील न्यायालयों में आयोजित होगी।

### एकेएस विश्वविद्यालय में मेगा नेत्र परीक्षण शिविर का सफल समापन



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग और श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय,चित्रकूट के संयुक्त सहयोग से आयोजित मेगा नेत्र परीक्षण शिविर का समापन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूरे आयोजन में छात्रों,कर्मचारियों और शिक्षकों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। समापन सत्र के मुख्य आकर्षण के रूप में कुलपति प्रो. बी.ए.चोपड़े,प्रतिकुलपति प्रो.आर.एस.त्रिपाठी तथा वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो.जी.सी.मिश्रा ने सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय ने उनके सहयोग और सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीन छात्र कल्याण प्रो.महेंद्र कुमार तिवारी,डायरेक्टर जनरल एडमिनिस्ट्रेशन ब्रजेंद्र सोनी, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ.मधु गुप्ता,तथा फैकल्टी सदस्य गौरव सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में गरिमा पांडे, लेफ्टिनेंट प्राची सिंह और रमा शुक्ला के योगदान की विशेष प्रशंसा की गई। एकेएस विश्वविद्यालय की यह स्वास्थ्य-पहल न केवल दृष्टि संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में प्रभावी सिद्ध हुई,बल्कि समाज सेवा के प्रति संस्थान की संवेदनशील प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से रेखांकित करती है।

## दिव्यांग हमलावर गिरफ्तारः बिजली कंपनी के कर्मचारी को मारी थी गोली



**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारी रामनरेश वर्मा 60 वर्ष,निवासी नौगाँव,थाना अमदरा,पर जानलेवा हमला करने वाले दिव्यांग हमलावर राजेंद्र सोनी 44 वर्ष,निवासी संग्राम कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।जानकारी के मुताबिक गुरुवार शाम करीब सवा 7 बजे विद्युत वितरण कंपनी का कर्मचारी रामनरेश वर्मा ड्यूटी खत्म होने के बाद रोज़ाना की तरह पैदल रेलवे ट्रैक के किनारे-किनारे स्टेशन जा रहा था। तभी दिव्यांग हमलावर ने उस पर कट्टे से फायर कर दिया,गोली रामनरेश वर्मा के सीने में बाईं तरफ लगी। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी दल-बल सहित मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल रामनरेश वर्मा को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जहाँ उनका इलाज चल रहा है। पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद घंटों सीसीटीवी कैमरे के फुटेज तलाशे, जिसके आधार पर दिव्यांग की पहचान हो सकी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पीडित रामनरेश वर्मा ने संघर्ष के दौरान आरोपी राजेंद्र सोनी द्वारा इस्तेमाल किए गए कट्टे को छीन लिया था। पीडित द्वारा हमलावर का दायाँ पैर पकड़े जाने पर,वह अपना कृत्रिम दायाँ पैर वहीं छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस अब इस घटना में गहराई से छानबीन और पूछताछ कर रही है ताकि दिव्यांग द्वारा वृद्ध कर्मचारी पर गोली चलाने के कारण का पता लगाया जा सके।

### ओवरलोडिंग पर खनिज विभाग सख्त, कंपनियों को किया तलब

**मैहर।** जिले में खनिजों की ओवरलोडिंग के बढ़ते मामलों ने तूल पकड़ लिया है। सड़कों पर गिरते खनिज और ओवरलोड वाहनों के कारण बढ़ रही दुर्घटनाओं की शिकायतों के बाद,मैहर खनिज विभाग और प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) ने सभी पट्टेदारों, सीमेंट कंपनियों और उनके परिवहनकर्ताओं की एक आपात बैठक बुलाई। बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि ओवरलोडिंग अब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई,जुर्माने से लेकर परिवहन अनुमति रद्द करने तक के कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन की इस तत्परता से उम्मीद है कि ओवरलोडिंग की समस्या पर अब प्रभावी नियंत्रण हो सकेगा और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## सिंधी कैम्प के पास चाणक्यपुरी कॉलोनी में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, ड्राइवर नशे में!



**सतना।** कोलगवां थाना अन्तर्गत सिंधी कैम्प क्षेत्र से एक दुर्घटना की खबर सामने आई है,जहाँ चाणक्यपुरी कॉलोनी में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई,जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार,दुर्घटना का मुख्य कारण ट्रैक्टर चालक का शराब के नशे में होना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ड्राइवर अत्यधिक नशे में था,जिसके कारण वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। इस घटना के बाद, कॉलोनी में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था,लेकिन पुलिस के पहुँचने और स्थिति को संभालने के बाद यातायात सामान्य हो सका। इस प्रकार की घटनाओं में नशे की भूमिका गंभीर चिंता का विषय है।

### मैहर भाजपा कार्यालय के लिए जमीन आरक्षित



**मैहर।**भारतीय जनता पार्टी के नए कार्यालय के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। हाल ही में कार्यालय के लिए निर्धारित जमीन की रजिस्ट्री पूरी की गई। यह रजिस्ट्री भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने की उपस्थिति में मैहर एसडीएम द्वारा कराई गई। इस अवसर पर जिला मंत्री कुलदीप तिवारी,सूर्यप्रकाश चौरसिया और अभिषेक जायसवाल सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। रजिस्ट्री होने के बाद अब आगामी दिनों में कार्यालय भवन का निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इस उपलब्धि के लिए जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने ने प्रदेश संगठन और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का आभार व्यक्त किया है।



## पुलिस की सघन चेकिंगः बाजार व्यवस्था को लेकर वाहनों की जाँच और संदिग्धों से पूछताछ



**सतना।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने बाजार व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और सुरक्षा कारणों से एक विशेष अभियान चलाया है। पुलिस टीम द्वारा शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों में वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है,जिसका उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अव्यवस्था को रोकना है। चेकिंग के दौरान,पुलिस अधिकारी संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी कर रहे हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। यह कदम आने वाले त्योहारी सीज़न और बढ़ती भीड़ को देखते हुए उठाया गया है,जिससे नागरिकों में सुरक्षा का भाव बना रहे। पुलिस का कहना है कि यह नियमित जाँच आगे भी जारी रहेगी।

## कब सुधरेगी यातायात व्यवस्थाः बब्बल



**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिलाध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया 'बब्बल' ने शहर की खराब यातायात व्यवस्था पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि सतना के स्मार्ट सिटी बनने के बावजूद यातायात पुराने ढर्रे पर है और तत्काल सुधार की जरूरत है।भाटिया ने पुलिस प्रशासन से चौराहों का चौड़ीकरण और इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल लगाने की मांग की है ताकि यातायात सुगम हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि यातायात पुलिस नियमों का पालन कराने में नाकाम है,जिससे सड़क दुर्घटनाएं और मौतें हो रही हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से पार्किंग की उचित व्यवस्था,जागरूकता अभियान चलाने और यातायात पुलिस को सक्रिय कर नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है ताकि सड़क हादसों पर रोक लग सके।

### शहीद वीर शंकर प्रसाद पटेल क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा दिन

**मैहर।** अमर शहीद वीर शंकर प्रसाद पटेल जी की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट 'सीजन 2' के तीसरे दिन शानदार मैच खेले गए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी, भाजपा जिला महामंत्री जितेंद्र पटेल,पूर्व सरपंच अरुण गौतम और वीरेंद्र सिंह कुसेड़ी ने मैच का शुभारंभ किया। तीसरे दिन का पहला मैच यदुवीर नगर और बिनैका के बीच हुआ,जिसमें बिनैका ने जीत हासिल की। दूसरे मैच में झुकेही ने रैगांवा को हराया,और तीसरे मैच में तिघरा ने पोड़ी पर शानदार जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि देवदत्त सोनी ने अमर शहीद को याद करते हुए सभी टीमों को बधाई दी। इस अवसर पर उत्तम सिंह,अखिलेश्वर सोनी,दिलीप पटेल,सुजीत शिवहरे सहित अमदरा क्षेत्र के कई गणमान्य सदस्य और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



## सतना जिला किसान कांग्रेस कार्यकारिणी घोषित, संतोष पाण्डेय ने किया बड़ा विस्तार



**सतना।** जिला किसान कांग्रेस,सतना के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी और किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भइया और प्रभारी डॉ.महेंद्र सिंह चौहान की सहमति से हुए इस संगठन विस्तार में 17 ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें मझगवां से राजललन सिंह,बरौंधा से मुरलीधर लोधी,बिरसिंहपुर से छबिराम तिवारी,और नागौद से मृगेन्द्र सिंह मंटू आदि प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त,जिला कार्यकारिणी में 11 उपाध्यक्ष,16 महामंत्री,और 23 सचिवों को नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्षों में बिजय सिंह परिहार,रामनरेश तिवारी,महामंत्रियों में कृष्णेन्द्र सिंह,उजियार सिंह,और सचिवों में रामनाथ वर्मा,अनूप सिंह जैसे नाम शामिल हैं। संतोष पाण्डेय ने कहा कि यह टीम किसानों के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी।

## लुटेरी दुल्हन से बचाओ, मजदूर शिवा ने लगाई गुहार

**मैहर।** थाने में मजदूर शिवा रजक ने अपनी पत्नी रंजना रजक और उसके परिजनों के खिलाफ धोखाधड़ी,चोरी और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। शिवा ने बताया कि दूर के एक रिश्तेदार के माध्यम से उनकी शादी रंजना से हुई थी। शादी के बाद रंजना ने शिवा को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और अपनी माँ से घर का हिस्सा लेने का दबाव बनाया। जब शिवा ने मना किया तो रंजना अपने मायके चली गई और लौटने से इनकार कर दिया। शिवा को बाद में पता चला कि रंजना पहले से शादीशुदा थी और उसने अपने पहले पति से तलाक भी नहीं लिया है। आरोप है कि रंजना शिवा के जेवर,नगद और मोबाइल लेकर भाग गई है। शिवा अपनी और अपनी माँ की जान-माल की रक्षा के लिए तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर शिवांगी ने स्कूल पहुंचकर छात्राओं को किया प्रोत्साहित

**शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय की दसवीं बोर्ड परीक्षा की टॉपर को लैपटॉप देने का किया वादा**

**अमानगंज।** अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर शिवांगी रेजा ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज में पहुंचकर छात्राओं का प्रोत्साहन किया। शिवांगी रेजा अमेरिका की सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट में कार्यरत हैं। उन्होंने विद्यालय पहुंचकर घोषणा की है, कि 2025-26 में जो छात्रा कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में स्कूल में सबसे अधिक अंक लाएगी, उसको मैं लैपटॉप प्रदान करूंगी। साथ ही विद्यालय में कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा 2024-25 में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप करने वाली छात्रा अंजली राजपूत को हाथ की घड़ी देकर सम्मानित किया गया। यह पहल कर उन्होंने छात्राओं का हौसला बढ़ाया। उमाकांत रेजा की पुत्री शिवांगी रेजा एक छोटे से क्षेत्र अमानगंज से विश्व स्तरीय अमेरिका की कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्य कर रही हैं, जो रेजा परिवार सहित नगर अमानगंज के लिए गौरव की बात है।

### शासकीय अनुसूचित जाति जूनियर कन्या छात्रावास में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**अमानगंज।** शुक्रवार की दोपहर 12 से 1:00 बजे के बीच निवासरत सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य विभाग अमानगंज में पदस्थ डाक्टर विकास पाठक प्रदीप छिरौल्या एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया जिसमें छात्राओं का रक्त परीक्षण किया गया उसके बाद दवा वितरण किया गया डॉ पाठक जी के द्वारा स्नानागार एवं शौचालयों का निरीक्षण किया गया साफ सफाई को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की इस मौके पर छात्रावास अधीक्षिका सुषमा तिवारी सहित संस्था में पदस्थ सभी कर्मचारी उपस्थित रहे

### खून के आंसू बहा रहा किसान डीएपी खाद के बाद यूरिया खाद की भारी किल्लत





**अमानगंज।** जिले में इन दिनों यूरिया खाद की भारी मारामारी देखने को मिल रही है। किसान हितैषी सरकार की अनदेखी से व्यापारियों की चौखट पर अन्नदाताओं की भीड़ लगी हुई है, जहां पर मनमाने दामों पर व्यापारी किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध करा रहे हैं, परंतु पन्ना जिला का भ्रष्ट तंत्र गहरी निद्रा में डूबा हुआ है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि यूरिया खाद करीब एक सप्ताह से खाद गोदाम में नहीं पहुंची है जिसका फायदा उठाकर व्यापारी 500 से 600 मूल्य पर यूरिया खाद किसानों को बेच रहे हैं। रवि की फसल की बुआई के समय किसान भारी परेशान देखे जा रहे थे और उस समय डीएपी खाद गोदाम पर शासन द्वारा उपलब्ध नहीं हो पा रही थी और अब जब किसानों को यूरिया खाद की अधिक मात्रा में आवश्यकता है तो खाद गोदाम में यूरिया खाद नहीं पहुंच पा रही है उसके अलावा डीएपी खाद आज भरपूर मात्रा में खाद गोदाम में उपलब्ध है। जिससे यह स्पष्ट है कि पन्ना जिले में बैठे भ्रष्ट अधिकारी आंखों में पट्टी बांधकर बैठे हुए हैं यहां पर देखने से लगता है कि आज लोकतंत्र नाम की कहीं कोई चीज मौजूद नहीं है यहां पर अफसरशाही सर्वोपरी है। खरीफ की 90 प्रतिशत फसल की बुवाई ना हो पानी के कारण किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। अब सहकारी समितियों एवं सरकारी गोदाम में यूरिया खाद की कमी ने उजागर कर दिया है कि सरकार किसानों के प्रति कितनी संवेदनशील है?

---

अजयगढ़ में विद्यार्थियों को दे रहे निशुल्क शिक्षा और सामग्री

# अजयगढ़ थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर का विद्यादान अभियान जारी





**पन्ना**

जिले में कम्युनिटी पुलिसिंग की पहचान बन चुके निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर का विद्यादान अभियान लगातार जारी है,अजयगढ़ थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर द्वारा विद्यार्थियों के लिए परिसर के सामने निजी भवन में विद्यादान केंद्र संचालित किया जा रहा है। जिसमे क्षेत्र के छात्र छात्राओं,प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों और खेल और अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले युवा निःशुल्क शिक्षा पाकर तैयारी कर रहे हैं। थाना प्रभारी द्वारा आज हाई स्कूल के विद्यार्थियों के लिए अंकगणित की पुस्तकें और पाठ्य सामग्री प्रदान की गई जो शिक्षा मे सहायक होगी। थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर पुलिसिंग ड्यूटी और थाना कार्यो के अतिरिक्त समय में विद्यादान केंद्र ने पंहुचकर छात्र छात्राओं को निशुल्क कोचिंग और प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी हेतु टिप्स देते हैं,थाना प्रभारी कई सरल मेथड से छात्र छात्राओं को गणित और अन्य विषयों का ज्ञान भी देते हैं। गौरतलब है कि इससे पूर्व बृजपुर पुलिस थाना में पदस्थापना के दौरान उपनिरीक्षक बखत सिंह ठाकुर ने बृजपुर में भी विद्यादान केंद्र की शुरुआत की थी जो क्षेत्र के कई विद्यार्थियों का कैरियर बनाने में मददगार साबित हुआ।

---

# शैक्षणिक सामग्री का वितरण, छात्रों के लिए एक बड़ा सहयोग



**पन्ना।** शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में छात्र-छात्रों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इस सामग्री में पुस्तकें, कॉपियाँ, पेन, पेंसिल और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल थीं। इस पहल से छात्रों को अपनी पढ़ाई में मदद मिलेगी और वे अपने शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे। शिक्षण सामग्री का महत्व शिक्षक सतानंद पाठक ने बताया कि शिक्षण सामग्री छात्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें अपनी पढ़ाई में मदद करती है और उन्हें विभिन्न विषयों की जानकारी प्रदान करती है। शिक्षण सामग्री के बिना, छात्रों को अपनी पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

### विद्यालय की पहल-

विद्यालय की यह पहल छात्रों के लिए बहुत ही सराहनीय है। इससे न केवल छात्रों को अपनी पढ़ाई में मदद मिलेगी, बल्कि उन्हें अपने शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। विद्यालय की यह पहल छात्रों के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

### छात्रों की प्रतिक्रिया -

छात्रों ने इस पहल के लिए विद्यालय का धन्यवाद किया और कहा कि इससे उन्हें अपनी पढ़ाई में बहुत मदद मिलेगी। छात्रों ने कहा कि वे अपनी पढ़ाई में और भी मेहनत करेंगे और अपने शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

### निष्कर्ष -

प्रधान अध्यापक श्रीमती माया खरे ने कहा कि विद्यालय की यह पहल छात्रों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इससे छात्रों को अपनी पढ़ाई में मदद मिलेगी और वे अपने शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे। विद्यालय की यह पहल छात्रों के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है और इससे छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। आज की कार्यक्रम में प्रधान अध्यापक श्रीमती माया खरे ,शिक्षक सतानंद पाठक एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

---

# पहाड़ी खेड़ा क्षेत्र की सड़कों का बुरा हाल, किसानों की मनमानी खुदाई से मार्ग क्षतिग्रस्त, हादसों का बढ़ा खतरा, प्रशासन मूकदर्शक

**पन्ना।**

पहाड़ीखेड़ा क्षेत्र की सड़कें इन दिनों बदहाली की चरम स्थिति में पहुंच गई हैं। क्षेत्र की कई मुख्य और ग्रामीण सड़कों पर किसानों द्वारा मनमर्जी से की जा रही खुदाई के कारण मार्ग जगह-जगह टूट चुके हैं। सड़क के बीचों-बीच गहरे गड्ढे और मिट्टी के ढेरों के कारण न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए गंभीर खतरा भी पैदा हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि किसानों द्वारा खेतों में पानी की निकासी अथवा पाइप डालने जैसी गतिविधियों के लिए बार-बार सड़कों को खोदा जाता है, लेकिन उसके बाद उन्हें सही तरीके से भरा नहीं जाता, जिससे सड़कें और अधिक क्षतिग्रस्त होती जा रही हैं। इसके चलते आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। बीते कुछ दिनों में कई लोग सड़क फिसलने और गड्ढों में वाहन फंसने से घायल भी हो चुके हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन को कई बार जानकारी दी गई, लेकिन अब तक न तो कोई निरीक्षण हुआ और न ही सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते सड़क मरम्मत और बिना अनुमति खुदाई पर रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले दिनों में दुर्घटनाएं और बढ़ सकती हैं। लोगों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई कर सड़कों की मरम्मत, अवैध खुदाई पर रोक और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब तक प्रशासन सक्रिय होकर स्थिति को नहीं संभालेगा, तब तक पहाड़ी खेड़ा क्षेत्र की यह समस्या और गंभीर होती जाएगी।

---

# आवासीय पट्टा हेतु, सर्वेक्षण दल द्वारा सर्वे नहीं किए जाने पर आक्रोशित लोगों ने दिया शिकायती आवेदन



**पन्ना।** मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन व्यक्ति पट्टा अधिकारों का प्रदान किया जाना अधिनियम 1984 के तहत नगर पालिका पन्ना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 पुराना पन्ना तथा आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे शहरी भूमिहीन हितग्राहियों को आवासीय भूमि पट्टा हेतु सर्वेक्षण उपरांत आवासीय भूमि पट्टा प्रदान करने के संबंध में लगभग आधा सैकड़ा आक्रोशित निवासीगणों द्वारा शिकायती आवेदन सौंपा गया। जिसमें स्थानीय वार्ड निवासियों द्वारा बताया गया कि हम सभी वार्ड वासी यहां लगभग 70 से 80 वर्षों से लगातार निवास करते आ रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा शहरी भूमिहीन हितग्राहियों को लाभान्वित कराने हेतु जारी किए गए आदेश अनुसार सर्वेक्षण उपरांत हितग्राहियों को पट्टा प्रदान किया जाना है। सर्वेक्षण की अंतिम तिथि 13 दिसंबर 2025 है, परन्तु आज 12 दिसंबर 2025 की स्थिति में अभी तक कोई भी सर्वेक्षण दल हमारे वार्ड में नहीं आया न ही किसी प्रकार का कोई सर्वे कार्य किया है। इस लिए मजबूर होकर हमें अनुभागीय अधिकारी महोदय पन्ना को यह शिकायती आवेदन देना पड़ा। उक्त आवेदन में निर्धारित समय से पूर्व सर्वे कर भूमि पट्टा प्रदान किए जाने की मांग की गई।

---

# युवक पर गला दबाकर हमला, जान से मारने की धमकी, महेबा चौकी क्षेत्र में बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज

**अमानगंज।**

महेबा चौकी क्षेत्र के मुकेहा गांव में दो युवकों के बीच हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जिसमें एक युवक गले व सीने में चोट लगने से घायल हो गया। फरियादी चन्द्रभान राजपूत (38 वर्ष) निवासी मुकेहा की मौखिक रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2) और 351(2) बीएनएस में प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### झूमा-झटकी से शुरू हुआ मामला मारपीट में बदला

फरियादी के अनुसार, 10 दिसंबर की शाम उनके बेटे रोहित राजपूत और गांव के अनिकेत राजपूत के बीच झूमा-झपटी हुई थी। बाद में रोहित घर लौट आया। लेकिन रात करीब 7 बजे अनिकेत दोबारा उनके घर पहुंचा और घर के सामने ही रोहित से लिपट गया। आरोप है कि अनिकेत ने रोहित का गला पकड़ लिया और लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे रोहित के गले और सीने में चोटें आईं।

### माता-पिता ने छुड़ाया, आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी

घटना के समय चन्द्रभान घर के पीछे गाय बांध रहे थे। शोर सुनकर वे और उनकी पत्नी रामाबाई दौड़े और बेटे को छुड़ाया। चन्द्रभान ने बताया कि जब उन्होंने अनिकेत से कारण पूछा तो वह मां-बहन की गालियां देते हुए बोला- “आज तो बच गया, किसी दिन जान से खत्म कर दूंगा। इसके बाद आरोपी वहाँ से भाग गया। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद पड़ोसी राजा सिंह राजपूत, फरियादी और उनके पिता गुमान सिंह राजपूत घायल रोहित को तत्काल अमानगंज अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार किया गया।

### पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

अगले दिन 11 दिसंबर 2025 को फरियादी चन्द्रभान ने महेबा चौकी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी पर धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

### उप निर्वाचन के लिए ए.के. सिंह प्रेक्षक नियुक्त

**पन्ना।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा शाहनगर के वार्ड क्रमांक 14 में जनपद पंचायत सदस्य पद के उप निर्वाचन के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी ए.के. सिंह को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री सिंह का मोबाइल नंबर 9425017310 है। प्रेक्षक द्वारा प्रथम चरण में 15 से 18 दिसम्बर तक तथा द्वितीय चरण में 28 दिसम्बर से 2 जनवरी तक भ्रमण किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रेक्षक भ्रमण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है, जिसके तहत जनपद पंचायत सीईओ शाहनगर भगवान सिंह को व्यवस्था प्रभारी तथा सहायक यंत्री प्रशांत वर्मा एवं उप यंत्री श्रीराम अहिरवार को क्रमशः लाईजनिंग ऑफिसर क्रमांक 1 एवं 2 बनाया गया है।

---

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित जिला विकास सलाहकार समिति की पहली बैठक 13 दिसम्बर को

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 13 दिसम्बर 2025 को राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा प्रदेश के विकास के लिए किए गए प्रयासों व उपलब्धियों इत्यादि से अवगत कराने एवं आगामी कार्ययोजना पर विचार विमर्श करने के लिए जिला मुख्यालय पर प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार द्वारा जिला विकास सलाहकार समिति की पहली बैठक का आयोजन एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है। मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है।

जिले के प्रभारी मंत्री समिति के उपाध्यक्ष होंगे। जिला विकास सलाहकार समिति में सांसद (समस्त सांसद जिनका क्षेत्र जिले में सम्मिलित है), जिले के समस्त विधायक, जिला मुख्यालय के नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के समस्त जनपद अध्यक्ष, उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाज सेवा, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों के 20 प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होंगे। इसी प्रकार जिला कलेक्टर समिति के सदस्य-सचिव के रूप में शामिल होंगे। योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग इस समिति के कार्यों के संबंध में समन्वय का कार्य करेगा। समिति की बैठकें ऑनलाइन, ऑफलाइन मोड में की जाएंगी। समिति की वर्ष में कम से कम एक बैठक होगी। प्रत्येक समिति के निर्णयों का रिकार्ड संधारण, अनुपालन व समन्वय का कार्य जिला कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। समिति की प्रथम बैठक में शामिल होने के लिए संबंधित जनप्रतिनिधियों सहित विभागीय अधिकारियों को सूचित किया गया है।

### समिति के उद्देश्य एवं कार्य

जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों की जरूरतों और सुझावों के अनुसार जिले के दीर्घकालीन विकास की योजनाएं बनाना, जिले के परंपरागत कौशल को चिन्हित कर प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल के सिद्धांत के दृष्टिगत उन्हें राष्ट्रीय व



अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देते हुए जिले की समृद्धि का रोडमैप तैयार करना, जिले की स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शासकीय योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के सुझावों पर विचार करना, जिले में स्थानीय प्रयासों से प्रचलित नवाचारों को योजना के रूप में मूर्त रूप देना, जिले में रोजगार सृजन एवं विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्यों के संबंध में सुझाव देना, उद्योग, व्यापार, जल संरचनाओं के संरक्षण, निर्यात, कृषि, खनिज, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में जिले की कार्ययोजना के संबंध में सुझाव देना जैसे विभिन्न कार्य सम्मिलित हैं।

---

# नेशनल लोक अदालत शनिवार को, राजीनामा के जरिए लंबित प्रकरणों का होगा निराकरण

**पन्ना।** वर्ष 2025 की चतुर्थ एवं अंतिम लोक अदालत 13 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। पन्ना सहित पवई व अजयगढ़ तहसील के सभी न्यायालय तथा कुटुम्ब न्यायालय पन्ना में भी लोक अदालत लगेगी। इसके लिए गठित खण्डपीठों में राजीनाम योग्य विचाराधीन लंबित आपराधिक, चेक अनादरण, मोटर दावा दुर्घटना, दीवानी भू-अर्जन, पारिवारिक विवाद, भरण पोषण, घरेलू हिंसा इत्यादि प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा विद्युत विभाग, सभी बैंक के ऋण वसूली, टेलीफोन विभाग के बिल सहित नगर पालिका परिषद पन्ना एवं नगर परिषद देवेन्द्रनगर, अमानगंज, ककरहटी, गुनौर, पवई व अजयगढ़ के जल तथा संपत्ति कर से संबंधित सभी मामलों का भी निराकरण होगा। इसके लिए पक्षकारों को सूचना पत्र जारी किए गए हैं। सूचना पत्र प्राप्त नहीं होने पर भी पक्षकार नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में उपस्थित होकर प्रकरण का निराकरण करा सकते हैं।

### 12 खण्डपीठ का गठन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ ने जानकारी दी कि लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय पन्ना में 8 खण्डपीठ तथा तहसील न्यायालय पवई एवं अजयगढ़ में क्रमशः 3 एवं 1 खण्डपीठ का गठन किया गया है। प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश की खण्डपीठ क्रमांक 1, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रूपेश शर्मा की खण्डपीठ क्रमांक 2, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम की खण्डपीठ क्रमांक 3, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अरविन्द कुमार शर्मा की खण्डपीठ क्रमांक 4, जेएमएफसी एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड इकरा मिन्हाज की खण्डपीठ क्रमांक 5, जेएमएफसी बिन्दु पटेल की खण्डपीठ क्रमांक 6, जेएमएफसी एवं चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड भूपेन्द्र सिंह की खण्डपीठ क्रमांक 7, जेएमएफसी एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्वेता आर्य की खण्डपीठ क्रमांक 8 का गठन किया गया है। इसी तरह पवई तहसील के लिए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सोम पाण्डेय की खण्डपीठ क्रमांक 9, जेएमएफसी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड अमित कुमार शर्मा की खण्डपीठ क्रमांक 10, जेएमएफसी एवं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हिमांशी ठाकुर भारद्वाज की खण्डपीठ क्रमांक 11 तथा अजयगढ़ तहसील के लिए जेएमएफसी व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड उपमा भार्गव की खण्डपीठ क्रमांक 12 गठित की गई है। सभी पक्षकार एवं आम जनता से शनिवार को नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर राजीनामा के जरिए प्रकरणों का निराकरण कराने तथा इस अवसर पर मिलने वाली छूट व न्याय शुल्क वापिसी का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।

---

# ग्राम बघवार कलां के घनश्याम सिंह लोधी सहायक प्राध्यापक पद पर चयनित, रसायन शास्त्र विषय में पाई शानदार सफलता



**पन्ना।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (डच्चैब) 2022 द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा में ग्राम बघवार कलां, तहसील रैपुरा, जिला पन्ना के घनश्याम सिंह लोधी ने रसायन शास्त्र विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे ग्राम, समाज और जिले के लिए गर्व का विषय बनी हुई है। ग्राम बघवार कलां के युवा और प्रतिभाशाली घनश्याम सिंह लोधी, जो स्वर्गीय दुलीचन्द लोधी के नाती तथा विजय सिंह उर्फ़ बबलू लोधी के सुपुत्र हैं, ने कठिन प्रतियोगी परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए सहायक प्राध्यापक (पेिजंदज च्तवमिेवत) पद के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। घनश्याम की इस सफलता ने उनके परिवार में हर्ष का माहौल बना दिया है। गांववासियों और समाजजन में भी खुशी की लहर है, क्योंकि यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर सामने आई है। उनकी मेहनत, समर्पण और निरंतर अध्ययन का परिणाम है कि उन्होंने रसायन शास्त्र जैसे चुनौतीपूर्ण विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने सपने को साकार किया। लक्ष्य संगठन पन्ना जिला सहित पूरे क्षेत्र ने घनश्याम सिंह लोधी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संगठन के सदस्यों का कहना है कि घनश्याम की इस उपलब्धि से ग्रामीण युवाओं में शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार होगा। घनश्याम सिंह लोधी का चयन साबित करता है कि लगन, दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। परिवार और समाज को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं कि वे आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करते रहेंगे। लक्ष्य संगठन पन्ना जिला की ओर से पुनः हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

---

# भारत की जनगणना 2027, परीक्षा के दृष्टिगत मकान गणना और जनगणना की अवधि तय करें

**पन्ना।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभाग अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि आगामी जनगणना 2027 के दृष्टिगत प्रशासनिक इकाइयों में जो भी परिवर्तन किए जाने हैं, वे 31 दिसम्बर 2025 तक अनिवार्यतः कर लिए जाएं। मुख्य सचिव श्री जैन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में भारत की जनगणना 2027 के दृष्टिगत राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक अप्रैल से 30 सितम्बर 2026 के दौरान 30 दिवस की अवधि में किया जाएगा। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि स्कूली बच्चों की पढ़ाई, मानसून इत्यादि को ध्यान में रखते हुए उक्त 30 दिवस की अवधि निर्धारित की जाए। बैठक में बताया गया कि जनगणना के द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना का कार्य पूरे देश में एक साथ फ़रवरी 2027 में किया जाएगा। मुख्य सचिव द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि जनगणना के द्वितीय चरण को ध्यान में रखकर वर्ष 2026-27 का शैक्षणिक कैलेंडर तैयार करें। उन्होंने परीक्षाओं की समय-सारणी इस तरह तैयार करने के निर्देश दिए हैं, जिससे विद्यार्थियों को कोई असुविधा नहीं हो। साथ ही संबंधित विभागों को यह भी निर्देश दिए गए कि वे आपस में समन्वय करते हुए जनगणना 2027 के लिए मानव संसाधन की उपलब्धता के लिए योजना तैयार करें, जिससे जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मुख्य सचिव श्री जैन ने आगामी जनगणना डिजिटल होने के मद्देनजर सर्वसंबंधितों को उचित समय पर युक्तियुक्त प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। श्री जैन ने जनगणना के दौरान स्व-गणना किए जाने के प्रावधान की सराहना की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को यह भी निर्देश दिए कि वे जनगणना 2027 के कार्य के समन्वय के लिए अपने अपने विभागों में एक नोडल अधिकारी नामित करें। जनसंपर्क विभाग को जन सामान्य में जनगणना के प्रति जागरूकता लाने एवं भ्रांतियों को दूर करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा कि आम जन को यह बताया जाना आवश्यक होगा कि जनगणना 2027 पहली बार देश में डिजिटल होगी, जिसमें मोबाईल एप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन एवं वेब पोर्टल के माध्यम से मैनेजमेंट एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बात का प्रचार होना चाहिए कि जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत जनगणना में संकलित व्यक्तिगत जानकारियां गोपनीय होती हैं। साथ ही इन्हें कहीं पर भी साक्ष्य के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की इस पहली बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह ने बताया कि मध्यप्रदेश में गृह विभाग जनगणना के लिए नोडल विभाग है, जो भारत सरकार, जनगणना निदेशालय एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए जनगणना संपादन में अपनी भूमिका का निर्वहन करेगा। निदेशक जनगणना द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय महत्व के इस वृहद कार्य में लगभग एक लाख 75 हजार प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के अतिरिक्त अन्य प्रशासनिक अमले की भी आवश्यकता होगी।

**खबर संक्षेप**

## नवांकुर संस्था खैरी द्वारा जल संरक्षण की अनूठी पहल, बमारी नाला पर हुआ बोरी बंधान




**छतरपुर**। शुक्रवार को सेक्टर बमीठा अंतर्गत ग्राम बमारी में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवांकुर संस्था खैरी द्वारा बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। बमारी नाला पर किए गए इस कार्य में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।
मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खैरी, विकासखंड राजनगर जिला छतरपुर के सहयोग से यह पहल संपन्न हुई। कार्यक्रम में आयोजक नवांकुर संस्था खैरी से ग्यासी रजक, तथा प्रस्फुटन समिति बमारी से दीपा रजक, अजय रजक, सोकीलाल, चंदा कुशवाहा, चमेली कुशवाहा और राधा रजक शामिल रहीं। ग्रामीण क्षेत्र में जल स्तर बढ़ाने और वर्षा जल के उचित संचयन के उद्देश्य से किए गए इस बोरी बंधान कार्य को सराहनीय प्रयास माना जा रहा है।

## सर्राफा बाजार में सुरक्षा बढ़ाने को थाना प्रभारी सक्रिय, व्यापारियों को दी अहम समझाइश



**ईशानगर**। स्थानीय सर्राफा बाजार में बढ़ती भीड़ और शादी के मौसम को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी मनोज गोयल अचानक बाजार पहुंचे। उन्होंने बाजार में भ्रमण कर दुकानदारों से सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने कहा कि ज़रा सी लापरवाही बड़ा हादसा या चोरी की घटना का कारण बन सकती है, इसलिए सुरक्षा को लेकर सभी व्यापारी सतर्क रहें।
थाना प्रभारी मनोज गोयल ने दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्य स्थिति, अलार्म सिस्टम, सेफ्टी लॉक तथा कर्मचारियों के वेरिफिकेशन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक दुकान पर कैमरे चालू हालत में रहने चाहिए और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने बड़े लेन-देन के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने, कैश काउंटर को खुला न छोडऩे तथा भीड़भाड़ के समय कर्मचारियों की जिम्मेदारियां स्पष्ट करने पर जोर दिया। थाना प्रभारी की समझाइश के बाद व्यापारियों ने पुलिस का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे नियमित निरीक्षण से पुलिस पर भरोसा बढ़ता है और व्यापारियों को सुरक्षित वातावरण मिलता है।




### प्लांट की मरम्मत के लिए सिविल सर्जन ने भेजा पत्र

# जिला अस्पताल में 3 ऑक्सीजन प्लांट, 2 बंद पड़े

**छतरपुर**। बढ़ती सर्दी के साथ मरीजों की संख्या में तेजी आने पर जिला अस्पताल में ऑक्सीजन की मांग भी बढ़ गई है। इसी को देखते हुए छतरपुर जिला अस्पताल में तीन ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए गए थे, ताकि मरीजों को ऑक्सीजन सुविधा निर्बाध रूप से उपलब्ध हो सके। ये प्लांट कोविड महामारी के दौरान भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लगाए गए थे। जिला अस्पताल 300 बेड का है, लेकिन बढ़ते मरीजों को देखते हुए इसे 600 बेड तक विस्तारित किया गया है, जिनमें से 280 बेड पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में अस्पताल में एलएमओ प्लांट की क्षमता 6 किलो लीटर है, जिसके लिए लगभग हर सप्ताह भोपाल से ऑक्सीजन की आपूर्ति कराई जाती है। इसके अलावा अस्पताल में दो पीएसए प्लांट—850 लीटर और 1000 लीटर क्षमता वाले स्थापित हैं, जो इस समय खराब पड़े हुए हैं।
इन दोनों प्लांट की मरम्मत के लिए सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया द्वारा इंजीनियर और संबंधित कंपनी को पत्र जारी कर दिया गया है। प्रतिदिन 300 से 600 लीटर ऑक्सीजन की खपत होने के कारण अस्पताल प्रशासन 5-6 दिन में प्लांट के माध्यम से ऑक्सीजन उत्पादन की तैयारी करता है। वहीं आपात स्थिति के लिए 100 जंबो सिलेंडर भी अस्पताल में उपलब्ध रखे गए हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में जहां एक ओर मेडिकल कॉलेज तैयार होने की ओर है, वहीं बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांटों का सुधार होना अत्यंत आवश्यक माना जा रहा है, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की ऑक्सीजन संकट का सामना न करना पड़े। सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया ने आश्वासन दिया है कि बंद पड़े दोनों पीएसए प्लांट जल्द ही चालू कराए जाएंगे।

## आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती में धांधली का आरोप

### आवेदिका ने कलेक्टर से की निष्पक्ष जांच की मांग

**छतरपुर**। लवकुशनगर वार्ड नंबर 04 में आंगनबाड़ी सहायिका पद की भर्ती में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए आवेदिका क्रांति कुशवाहा ने बीते दिनों कलेक्टर छतरपुर को आवेदन सौंपकर मामले में निष्पक्ष विभागीय जांच कराने की मांग की है।आवेदिका क्रांति कुशवाहा निवासी वार्ड नंबर 04 लवकुशनगर ने बताया कि उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन के साथ सभी आवश्यक एवं मान्य दस्तावेज संलग्न थे। विभाग द्वारा जारी प्रथम




मेरिट सूची दिनांक 21 अगस्त 2025 में उनका नाम प्रथम स्थान पर था और वे चयनित घोषित की गई थीं। प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के बाद भी वे पुनः प्रथम स्थान पर रहीं। आवेदिका के अनुसार कुल 16 अभ्यर्थियों में वे ही टॉप रहीं, लेकिन 4 दिसंबर 2025 को विभाग द्वारा अचानक दूसरी मेरिट सूची जारी की गई, जिसमें पहले की सूची में शामिल नहीं रही अभ्यर्थी शिवानी सोनी को 17वें अभ्यर्थी के रूप में जोड़कर सीधे प्रथम स्थान पर कर दिया गया। इससे पूर्व अंतिम तिथि तक उनके नाम का कोई उल्लेख नहीं था। इस कथित अनियमितता से आहत आवेदिका ने कलेक्टर से मामले को संज्ञान में लेकर विभागीय जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने और उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है।

## नो पार्किंग में खड़ी 3 प्राइवेट एंबुलेंसों के चालान, दस्तावेज़ों में कमी पर जुर्माना



**छतरपुर**। एलआईसी ऑफिस के पास नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी प्राइवेट एंबुलेंसों पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन एंबुलेंसों के 500-500 रुपये के चालान काटे। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के आदेशानुसार तथा यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत के निर्देशन में लगातार चेतावनी देने के बाद भी नियमों का पालन न करने पर यह कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस के अनुसार शुक्रवार को जिन तीन एंबुलेंसों पर चालानी कार्रवाई की गई, उनके दस्तावेजों में कमी पाई गई थी, जिसके चलते प्रत्येक पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं कुछ एंबुलेंसों के कागजात पूर्ण पाए जाने पर उन्हें हिदायत देकर छोड़ दिया गया। एक एंबुलेंस के मालिक की अनुपस्थिति के कारण उसका चालान बाद में काटा जाएगा। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी वाहन को आगे भी बख्शा नहीं जाएगा।

## किसान हितों को लेकर शिवसेना की बैठक 24 दिसम्बर को बड़े प्रदर्शन की घोषणा

**छतरपुर**। शहर के सर्किट हाउस तिराहे के पास स्थित एक निजी होटल में शिवसेना द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हाल ही में नायब तहसीलदार द्वारा किसान की बेटी के साथ की गई मारपीट की घटना पर कड़ी आपत्ति जताई गई। साथ ही किसानों को खाद के संकट और बिजली की अनियमित आपूर्ति जैसी गंभीर समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई।



बैठक में निर्णय लिया गया कि इन मुद्दों को लेकर आगामी 24 दिसंबर को शिवसेना द्वारा एक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। शिवसेना का कहना है कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान प्रशासन जल्द नहीं करता, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस बैठक में शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अजय साहू, सुनील द्विवेदी, महाराजपुर नगर अध्यक्ष उमाशंकर कुशवाहा, राजेश पटेल, राजनगर से रोहित विश्वकर्मा, खजुराहो से परसुराम तिवारी, नौगाँव से अभिषेक पाठक, छतरपुर से विशेष दुबे, लोकेन्द्र मिश्रा, ईशानगर से भुमानीदीन, आशु बंसल, गुलगंज से अनुज सोनी सहित सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शासकीय विद्यालय के चपरासी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, स्कूल परिसर में मचा हड़कंप

**नौगांव/छतरपुर**। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नौगांव में गुरूवार की रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां विद्यालय के चपरासी ने स्कूल कैंपस के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधन और क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे कुछ लोग स्कूल में पहुंचे, जहां इन दिनों कमरों की पुताई का कार्य चल रहा है। जैसे ही एक कमरे का दरवाजा खोला गया, अंदर एक व्यक्ति का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना तत्काल स्कूल प्रबंधन को दी गई। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने मृतक की पहचान चपरासी गुलाब सेन (58 वर्ष) के रूप में की।प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलाब सेन गुरूवार रात लगभग 8 बजे नियमित नाइट ड्यूटी के लिए स्कूल पहुंचे थे। इसके बाद रात करीब 9:20 बजे उन्होंने स्कूल के ही एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूरा घटनाक्रम विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है।



घटना की जानकारी मिलते ही परिवारजन और स्कूल प्रबंधन में शोक की लहर फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को नीचे उतरवाया और मामले की विवेचना शुरू कर दी। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच जारी है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सहित अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्कूल में लंबे समय से कार्यरत रहे गुलाब सेन के इस कदम से सहकर्मियों और स्थानीय लोगों में दुख का माहौल है।

## रेलवे पुल निर्माण के दौरान बड़ा हादसा, मजदूर की आंख में लगा सरिया, हालत गंभीर



**छतरपुर**। दरियागंज रेलवे स्टेशन के पास निर्माणाधीन नए रेलवे पुल पर शुक्रवार सुबह एक गंभीर हादसा हो गया। निर्माण कार्य में लगे 55 वर्षीय मजदूर मूलचंद अहिरवार निवासी जरहेटी तहसील गौरिहार हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब 11 बजे की है। मूलचंद अहिरवार पुल निर्माण के दौरान सरिया फिटिंग का काम कर रहे थे, तभी अचानक वे असंतुलित हो गए। इसी बीच एक लोहे का सरिया उनकी आंख के ऊपर सिर के हिस्से में जोर से जा लगा। चोट बेहद गंभीर होने के चलते मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार मजदूर प्राइवेट ठेकेदार के अंतर्गत रेलवे पुल के निर्माण में कार्यरत थे। साथी मजदूरों का कहना है कि कार्य स्थल पर सुरक्षा उपकरणों की कमी के बावजूद काम कराया जा रहा था। हादसे के बाद मौके पर मौजूद मजदूरों ने मूलचंद को तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति गंभीर है। प्राथमिक उपचार जारी है और आगे की जाँच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी दे दी गई है।

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर युवक कांग्रेस का कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन

**छतरपुर**। जिले में किसानों एवं आमजनों से जुड़े मुद्दों को लेकर युवक कांग्रेस ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेत्री कविता सिंह ने कहा कि खाद वितरण केंद्र पर लाइन में लगी छात्रा के साथ प्रशासनिक अधिकारी द्वारा मारपीट की घटना बेहद शर्मनाक है। मुख्यमंत्री को ऐसे अधिकारी को तत्काल निलंबित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खजुराहो के गौतम रिसोर्ट में कथित रूप से खराब खाना खाने से तीन लोगों की



मृत्यु हुई है, जिसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। युवा कांग्रेस अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पांच सूत्रीय मांगों के आधार पर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि एक छात्रा को नायब तहसीलदार द्वारा थप्पड़ मारना प्रशासन की संवेदनहीनता को दर्शाता है। वहीं खजुराहो में भोजन विषाक्त होने से हुई मौतों के मामले में भी सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में भारी अंतर है।
ज्ञापन में प्रमुख रूप से किसानों की खाद संकट, अधिकारियों द्वारा किसानों एवं छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार, रिसोर्ट में भोजन विषाक्तता से हुई मौतों की न्यायिक जांच, किसानों को 8-10 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा खाद वितरण केंद्रों की संख्या बढ़ाने जैसी मांगें उठाई गई हैं। युवक कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो संगठन सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## ग्रामीणों ने कंपनी को गिट्टी-मुरम उत्खनन की अनुमति न देने की मांग की

**छतरपुर**। केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत कार्य कर रही कंपनी श्री साईनाथ पाल एम (व्हीपी) एम/एस एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा ग्राम बरद्वाहा में गिट्टी, बोल्डर एवं मुरम उत्खनन की स्वीकृति मांगे जाने के विरोध में शुक्रवार को ग्रामवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनगर को आवेदन प्रस्तुत किया है।
ग्रामवासियों ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि कंपनी द्वारा गांव के समीप एवं ग्रामीणों की खेती वाली भूमि के पास मशीन लगाकर खनन कार्य करने का प्रस्ताव दिया गया है। इसी संबंध में पर्यावरण प्रदूषण स्वीकृति हेतु निर्धारित तिथि को लोक सुनवाई भी रखी गई है।
ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित क्षेत्र में उनकी फसलें खड़ी हैं और गांव की आबादी भी बिल्कुल पास है। ऐसे में यदि एन.सी.सी. कंपनी को क्रेशर मशीन लगाने की अनुमति दी जाती है, तो फसलें नष्ट होने के साथ ही भूमि बंजर होने का खतरा है। साथ ही भारी प्रदूषण के कारण ग्रामीणों का दैनिक जीवन प्रभावित होगा और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि लोक-



कल्याण को ध्यान में रखते हुए कंपनी को इस स्थान पर उत्खनन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि ग्रामहित और पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए एन.सी.सी. कंपनी को प्रस्तावित स्थान पर क्रेशर अनुमति प्रदान न की जाए। वहीं एसडीएम प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि ग्राम में लोक सुनवाई आयोजित की गई जिसमें ग्रामीणों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। अब इसमें आगे नियमानुसार कार्रवाही की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि ग्राम में सुनवाई का मकसद ही ग्रामीणों के सुझाव, आपत्तियां जानना होता है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाही की जाती है।

## जिला पंचायत सीईओ ने राजनगर क्षेत्र की पंचायतों का निरीक्षण किया

### जनपद पंचायत में बैठक कर ग्राम पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की

**छतरपुर**। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने राजनगर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत डहर्रा, ललपुर, तालगांव एवं नांद का निरीक्षण किया। जिला पंचायत सीईओ श्री अरजरिया ने ग्राम पंचायत डहर्रा में अनुसूचित जाति जूनियर छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित बच्चों से छात्रावास में उपस्थिति के संबंध में चर्चा करते हुए भोजन मीनू अनुसार मिल रहा है या नही की जानकारी ली। साथ ही बच्चों से गणित विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे। उन्होंने पंचायत में निर्मित सी.सी. रोड का गुणवत्ता से संबंधित निरीक्षण किया।सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत ललपुर में गौशाला का निरीक्षण किया गया। जिसमें 120 नग गौवंश गौशाला में मौजूद पाए गए। उन्होंने गौवंश के लिए चारा भूषा आदि की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायत तालगांव की गौशाला में 132 गौवंश उपस्थित पाए गए। जिपं सीईओ ने गौशालाओं में 3 दिन में बिजली की व्यवस्था बहाल करने एवं चारागाह विकसित कर नेपियर घास लगाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में ग्राम पंचायत नांद में मां की बगिया की हितग्राही माया आदिवासी की बगिया का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।



**जिला पंचायत सीईओ ने पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की**

जिला पंचायत सीईओ निरीक्षण उपरांत जनपद कार्यालय में पंचायतों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जनपद सीईओ राकेश शुक्ला, पंचायत समन्वयय अधिकारी, उपयंत्री, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अनुपस्थित सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मनरेगा ई केवाईसी, मनरेगा सामग्री भुगतान, प्रधानमंत्री आवास चौकर के द्वारा सत्यापन, पंचायत पोर्टल पर परिसम्पत्ति दर्ज करने एवं ग्राम पंचायतों में बकाया बिजली देयको का दो दिवस में भुगतान करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीएम हेल्पालाईन शिकायतों में 50 दिवस से अधिक एवं माह नवम्बर कि शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक बंद कराने के निर्देश दिए गए।

## नेशनल लोक अदालत आज

### बिजली चोरी (धारा 135) के प्रकरण में होंगे समझौते

**छतरपुर**। 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी(धारा 135) के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। प्री-लिटिगेशन एवं लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## कॉमर्स एवं मैनेजमेंट के छात्रों ने ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने किया चंदनपुरा ग्राम का शैक्षणिक भ्रमण

### एमपी टूरिज्म बोर्ड के होमस्टे के संचालन की जानी प्रक्रिया

**छतरपुर**। महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड यूनिवर्सिटी,छतरपुर के कॉमर्स एवं मैनेजमेंट के छात्र छात्राओं ने बीते रोज को मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, भोपाल द्वारा संचालित ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे पर्यटन ग्राम चंदनपुरा में शैक्षणिक भ्रमण किया। इसके साथ ही प्रसिद्ध तीर्थस्थल जटाशंकरधाम के दर्शन कर इसका धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अवलोकन तथा भ्रमण किया। कुलगुरु प्रो. राकेश सिंह कुशवाह एवं कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन तथा विभागाध्यक्ष डॉ बीके अग्रवाल के निर्देशन में यह शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम में सर्वप्रथम ग्राम चंदनपुरा पहुंचने पर ग्राम की महिलाओं ने छात्र एवं छात्राओं व शिक्षकों का बैंड बाजे और फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया। वाणिज्य विभाग की ओर से डा अशोक निगम, डा एसपी जैन तथा मप्र टूरिज्म विभाग की ओर से मनोज नायक ने ये उपयोगी शैक्षणिक भ्रमण कराया। मप्र टूरिज्म के टीम लीडर मनोज नायक ने होमस्टे परियोजना के बारे में बताया कि इसका उद्देश्य ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना है,जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और उनकी आय बढ़े। साथ ही पर्यटक स्थानीय संस्कृति, खानपान, कला-शिल्प और लोकजीवन का अनुभव कर सकें। होमस्टे के निर्माण एवं संचालन में हरितिका ऑर्गेनाइजेशन सहयोगी संस्था के रूप में कार्य कर रही है।
भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ग्राम में निर्माणाधीन होमस्टे परियोजना का नज़दीक से अवलोकन किया तथा इसके संचालन, संरचना, ग्रामीण जीवनशैली एवं पर्यटन व्यवहार के विभिन्न पहलुओं को समझा। छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों को स्थानीय महिलाओं ने अपने द्वारा तैयार किए गए स्वादिष्ट बुंदेली व्यंजनों का भोजन बहुत ही आत्मीयता तथा प्रेम के साथ कराया। यहां सभी भ्रमणार्थियों ने ग्रामीण आतिथ्य एवं परंपरागत पाक-कला तथा प्रबंधन का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया।इसके साथ ही छात्र छात्राओं ने हरितिका ऑर्गेनाइजेशन द्वारा ग्राम में किए जा रहे वृक्षारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण



संबंधी पहल एवं जल संवर्धन हेतु विकसित तालाब का भी अवलोकन किया। संगठन के सदस्यों ने छात्रों को ग्राम में चल रही सतत विकास गतिविधियों एवं पर्यावरण प्रबंधन के प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ग्रामीण पर्यटन को स्थानीय रोजगार सृजन, सांस्कृतिक संरक्षण एवं सतत विकास का सक्षम माध्यम बताते हुए परियोजना की सराहना की।
इस अध्ययन भ्रमण दल में वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययनशाला तथा शोध केंद्र में अध्ययनरत एमबीए होटल मैनेजमेंट, एमबीए टूरिज्म, बीबीए तथा बी कॉम रिटेल के 23 छात्र छात्राओं ने अपनी गुलाबी यूनिफॉर्म में पूरी रुचि और सक्रियता के साथ सहभागिता की और फील्ड में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया, जो विद्यार्थियों को भविष्य में लाभप्रद होगा।

## खबर संक्षेप

### विधायक प्रतिनिधि बनाए गए युवा भाजपा नेता कुंवर वैभव सिंह



**रीवा।** जिला अंतर्गत लालगांव क्षेत्र के जमींदार मनगवां के पूर्व विधायक स्वर्गीय रुक्मिणी रमण प्रताप सिंह के नाती युवा भाजपा नेता कुंवर वैभव प्रताप सिंह गढ़ी लालगांव को मनगवां विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति ने ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा/लोक निर्माण विभाग के लिए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। कुंवर वैभव प्रताप सिंह ने अपनी नियुक्ति के लिए मनगवां विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, गंगेव जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी का आभार प्रकट किया है। कुंवर की नियुक्ति पर लालगांव 84 की जनता ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

### अतिथि शिक्षक के एक पद पर होगी भर्ती

**रीवा।** जनजातीय कार्य विभाग के तहत संचालित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय में अतिथि शिक्षक के एक पद पर भर्ती की जा रही है। इस संबंध में ज्ञानोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि अंग्रेजी विषय में वर्ग एक के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक को अंग्रेजी विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर तथा बीएड की उपाधि प्राप्त होनी चाहिए। पात्र आवेदक 18 दिसम्बर को शाम 4 बजे तक ज्ञानोदय विद्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### प्रभारी मंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा।** रीवा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण तथा श्रम विभाग 13 दिसम्बर को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। प्रभारी मंत्री 13 दिसम्बर को सुबह 6.30 बजे सतना रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। प्रभारी मंत्री सर्किट हाउस में अल्प विश्राम के बाद सुबह 9.30 बजे पूर्व विधायक स्व. शंकरलाल तिवारी के निज निवास जाकर तिवारी को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। प्रभारी मंत्री सुबह 9.45 बजे सतना से प्रस्थान कर सुबह 10.30 बजे रीवा पहुंचकर कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। प्रभारी मंत्री बैठक के बाद दोपहर 12 बजे कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम पहुंचकर रेवा फिल्म फेस्टो 2025 में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर एक बजे ईकोपार्क में आयोजित पत्रकार वार्ता मंन सरकार की दो वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर राज्य शासन द्वारा प्रदेश के विकास के लिए किए गए प्रयासों और उपलब्धियों की जानकारी देंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 1.45 बजे कार द्वारा रीवा से सोनभद्र उत्तरप्रदेश के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत संचालित संस्थाओं में अधिकारियों, कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य - कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देश दिये कि जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत संचालित आश्रम, विद्यालय तथा छात्रावास में अधिकारियों, कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थित के बाद ही वेतन आहरण किया जाय। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा शिक्षकों व अन्य पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य की गई है अतः इसका पालन सुनिश्चित कराया जाय।

### आधार कैंप की अवधि बढ़ाई गई, 5 अन्य स्थानों पर और लगेंगे

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आयोजित हो रहे आधार शिविरों में व्यवस्थाओं और सुविधाओं का विकास किया गया है। साथ ही शिविर आयोजन की तिथि भी एक सप्ताह के लिये बढ़ा दी गई है। ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरव नामदेव ने बताया कि पहाड़ी में लग रहे आधार शिविर में विगत 3 दिनों से अतिरिक्त मशीन संचालित करने से यहां प्रतिदिन करीब 150 से 170 व्यक्तियों के आधार संबंधी कार्य शिविर में निष्पादित किये जा रहे हैं।

# स्वास्थ्य के सभी पैरामीटर में अग्रणी रहें : कलेक्टर
# कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती करायें

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिले में स्वास्थ्य के सभी पैरामीटर में अग्रणी रहते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिये बीएमओ स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित भ्रमण करें। उन्होंने कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना के पात्र हितग्राहियों का समय पर पंजीयन किये जाने के निर्देश दिये।कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि एएनसी रजिस्ट्रेशन में प्रगति लायें तथा गर्भवती महिलाओं के नियमित चार चेकअप अनिवार्यतः किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जवा, सिरमौर व त्योंथर में चेकअप बढ़ाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने महिलाओं के डीबीटी न होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि सभी की ईकेवायसी अनिवार्यतः की जाय। कलेक्टर ने सुरक्षित मातृत्व अभियान अन्तर्गत प्रत्येक माह के 9 व 25 तारीख को होने वाली जांच का फालोअप




लिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मातृ मृत्यु दर को कम करने में तत्परता बरतते हुए मृत्यु के कारणों का परीक्षण करें। कलेक्टर ने टी.बी. मुक्त भारत अभियान में मरीजों की स्क्रीनिंग कर एक्स रे किये जाने तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत सर्जरी के बाद बच्चों का फालोअप लेने की बात कही। इस दौरान बताया गया कि अभियान के तहत 799 बच्चों की सर्जरी की गई। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रमों के लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिये। कम प्रगति वाले एएनएमकी वेतन वृद्धि रोके जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। जिला स्तरीय बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में शिविर लगाकर गर्भवती शत प्रतिशत महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करायें तथा मातृत्व वंदना की प्रकरणों की पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों में अक्रियाशील उपकरणों के सुधार तथा 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को नियमित साझा चूल्हा से भोजन प्रदाय के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कम प्रगति रहने पर अतरैला सेक्टर के सुपरवाइजर का वेतन रोकने के निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, डीपीओ नयन सिंह, सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक संपन्न



**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वनाधिकार के दावे जो पुर्नपरीक्षण के उपरांत मान्य हो रहे हों उन्हे अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सामुदायिक दावों से समुदाय को लाभ मिलता है अतः सामुदायिक दावों के निराकरण में तत्परता बरतें। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में ग्राम कुसमानी में नलजल योजनान्तर्गत निर्मित होने वाली पानी की टंकी के लिये वन भूमि में एक हेक्टेयर की परिधि क्षेत्र में निर्माण का अनुमोदन किया गया। बैठक में प्राप्त 526 व्यक्तिगत व 2 सामुदायिक वनाधिकार दावों में 16 दावे मान्य किये गये। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर, वन मण्डलाधिकारी लोकेश निरापुरे, जिला संयोजक जनजातीय विभाग रूचि तिवारी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।


## सीएम राइज स्कूल में बदमाशों ने की पत्थरबाजी, सेमरिया की घटना जांच में जुटी पुलिस

**रीवा।** सेमरिया के नव निर्मित सीएम राइज विद्यालय में नकाबपोश बदमाशों ने पत्थरबाजी की जिसमे एक युवक घायल हो गया। आशंका जताई जा रही है कि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने से नाराज लोगों ने वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी दी गई कि सेमरिया स्थित ग्राम भंवरा में नव निर्मित हो रहे सीएम राइज स्कूल की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने के बाद देर रात बाइक सवार नकाबपोशों द्वारा जमकर पत्थरबाजी की गई। जिसमे एक श्रमिक घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने श्रमिक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है। पुलिस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों का अब पता लगा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक सेमरिया क्षेत्र के ग्राम भवरा में सीएम राइज स्कूल का नवनिर्माण कराया जा रहा है। बताया गया है कि यही शासकीय भूमि में कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर मकान बना लिया गया था जिसे प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खाली कराया था। कुछ ही घंटे बाद रात करीब 8 बजे बाइक सवार आधा दर्जन अज्ञात नकाबपोश लोग नवनिर्मित सीएम राइज स्कूल भवन में जमकर पत्थरबाजी की और तोडफ़ोड़ की जिससे भवन के अंदर कार्य कर रहा श्रमिक घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस की डायल 112 ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले गई है। मौके पर पुलिस ने भवन के अंदर पत्थर भी पड़े पाए है। घटना के बाद पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है आरोपियों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

## लापता व्यापारी का डिहिया तालाब में उतराता मिला शव, घर से बाइक से निकला था किराना व्यापारी, परिजन कर रहे थे तलाश

**रीवा।**

गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के डिहिया में तीन दिन पूर्व शहर से लापता हुए व्यापारी की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। डिहिया तालाब में व्यापारी का शव गुरुवार को उतराता मिला जबकि उसकी बाइक गायब है। लापता युवक की गुमशुदगी की शिकायत परिजनों ने समान थाना में दर्ज करवाई थी। परिजनों के मुताबिक रवि पटेल 22 वर्ष निवासी रतहरा बाइक से घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। गुरुवार को डिहिया गांव के ग्रामीणों ने डैम में युवक का शव उतराता देखा जिसके बाद सूचना गोविंदगढ़ पुलिस को दी गई। पुलिस ने सूचना के बाद एसडीआएफ की टीम को सूचना दी जिसके बाद गोताखोरों नेशव को बाहर निकलवाया और पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। परिजन युवक की हत्या का आरोप लगा रहे थे। पुलिस की माने तो पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण स्पष्ट होगे। गुरुवार की सुबह डिहिया तालाब में युवक का शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई है। जिसके बाद मृतक की पहचान समान थाना क्षेत्र के रतहरा निवासी रवि पटेल पिता मुन्नालाल पटेल के रूप में की गई है। बताया गया कि मृतक किराने की दुकान संचालित करता था और वह 3 दिन पूर्व घर से निकलने के बाद लापता हो गया था। परिजनों की माने तो युवक अपनी पल्सर बाइक लेकर घर से निकला था लेकिन बाइक का अब तक कोई पता नहीं चला है जिसे लेकर परिजन द्वारा हत्या का संदेह भी जाहिर किया जा रहा है। मौके से मृतक की चप्पल और जैकेट भी पड़ी मिली है, लेकिन युवक की बाइक अभी गायब है।



### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन 17 दिसम्बर को

**रीवा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश का वार्षिक सम्मेलन 17 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद होंगे। सम्मेलन प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन कार्यालय कोठी कंपाउंड में सुबह 10.30 बजे से आरंभ होगा। समारोह की अध्यक्षता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी करेंगे। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएन पयासी, देवीचरण शर्मा, सिरीष पाण्डेय, करदम ऋषि, पीसी गुप्ता, शंभू प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र पाण्डेय तथा पीपी पाण्डेय शामिल होंगे। एसोसिएशन के सभी सदस्यों से सम्मेलन में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करे- कलेक्टर

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आज जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने उपस्थित समिति प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों से निर्धारित सामान्य औसत किस्म का धान खरीदे तथा खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसानों को खरीदी केन्द्र में अनाश्यक इंतजार न करना पड़े और किसानों से किसी भी स्थिति में अतिरिक्त राशि न ली जाय।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिये कि प्रत्येक बोरी में तौल के बाद टैग और एक्सटेंसिल



अनिवार्य रूप से लगाकर उसमें किसानों के पंजीयन क्रमांक दर्ज करें तथा किसानों को उपार्जित धान का समय सीमा में भुगतान करायें। कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति हर्दी शाखा पहाड़ी का निरीक्षण किया तथा उपार्जित केन्द्र में सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सांदीपनि विद्यालय ढेरा का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य को गति देने तथा पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सीतापुर बाजार का निरीक्षण कर व्यवस्थित ढंग से दुकानों के संचालन के लिए दुकानदारों को निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी भी उपस्थित रहे।

# नेशनल इंटिग्रेशन कैंप में चमके रीवा के विकाश राठौर

**रीवा।** पेंटियम पॉइंट टेक्निकल कॉलेज रीवा के बीएससी (बायोटेक–कम्प्यूटर साइंस) तृतीय वर्ष के छात्र विकाश राठौर ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नेशनल इंटिग्रेशन कैंप में सहभागिता कर महाविद्यालय तथा रीवा का नाम रोशन किया है। उनका चयन राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर हुआ, जिसके बाद उन्होंने 1 दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक गुजरात राज्य के डभोई में आयोजित शिविर में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। नेशनल इंटिग्रेशन कैंप में सात राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच विकाश राठौर ने यूनिटी मार्च, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, वाद-विवाद, योग, परेड तथा सामाजिक सेवा और एक दूसरे की कल्चर का एक्सचेंज किया साथ ही मध्य प्रदेश की टीम मे विकाश के द्वारा किए गए संस्कृतिक कार्यक्रम मे कैश प्राइस देके सम्मानित भी किया गया और अन्य एसी प्रमुख गतिविधियों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम लीडर की जिम्मेदारी भी सौंपी गई, जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक निभाया।




शिविर के दौरान विकाश ने राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, सामाजिक जागरूकता और टीमवर्क जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनकी सक्रियता और प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।महाविद्यालय प्रशासन ने विकाश राठौर की मेहनत, लगन और उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश तिवारी तथा कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि ऐसे शिविर युवाओं में राष्ट्रीय एकता, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करते हैं, और विकाश राठौर ने इन सभी गुणों को शानदार रूप से प्रदर्शित किया है।

# अमानक बीज एवं अधिक कीमत में उर्वरक बेचने पर लायसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**अमानक खाद व बीज बेचने वालों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही**

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश के पालन में अमानक बीज का विक्रय करने वाले एक विक्रेता एवं शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचने वाले एक उर्वरक विक्रय संस्थान का विक्रय प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि विकासखंड के मेसर्स कृषक जागरण (प्रो. श्री संजय गुप्ता) पहरूआ मंडी रोड कटनी के बीज विक्रय संस्थान से लिया गया सरसों बीज नमूना किस्म एचएम सुपर-222 टीएल बीज उत्पादक संस्था- क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड प्रयोगशाला जांच में अमानक पाये जाने के बाद बीज गुण नियंत्रण आदेश 1983 की धारा 15 के अंतर्गत मेसर्स कृषक जागरण बीज भण्डार को प्रदाय किया बीज विकय प्राधिकार पत्र रजिस्टेशन, जो 22 जून 2028 तक वैध था, को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इसी प्रकार विकासखण्ड-कटनी के ग्राम पिपरौंध स्थित मेसर्स विशाल ट्रेडर्स (प्रो.विशाल जायसवाल) के विरूद्ध शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय की शिकायत प्राप्त होने पर उर्वरक निरीक्षक कृषि विकास अधिकारी क्षेत्र पहाडी से इसकी जांच कराई गई। जिसमें पाया गया कि विकय संस्थान के द्वारा डीएपी उर्वरक शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक पर विक्रय किया जा रहा है। साथ ही पीओएस मशीन में डीएपी उर्वरक की मात्रा निरंक है एवं पीओएस मशीन में विगत कई माह से डीएपी भी नहीं प्राप्त है। उपसंचालक कृषि डॉ. पटेल ने उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के खण्ड-31(1) के अंतर्गत मेसर्स विशाल ट्रेडर्स का विक्रय प्राधिकार पत्र जो 30 दिसंबर 2025 तक वैध था, को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

साथ ही विक्रय संस्थान संचालक को निर्देशित किया गया है तीन दिवस के अंदर अभिलेखीय जानकारी के साथ स्वयं उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, अन्यथा कि स्थिति में आपके उर्वरक विक्रय संस्थान का प्राधिकार पत्र निरस्त कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। निलंबन अवधि के दौरान उर्वरकों का क्रय-विक्रय एवं प्रतिस्थापन प्रतिबंधित रहेगा।

## उद्यमिता एवं स्थापना प्रक्रिया पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम



छात्राओं को स्वावलंबन की ओर प्रोत्साहित करने तथा उन्हें रोजगार प्राप्तकर्ता से रोजगार प्रदाता बनने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने हेतु शासकीय आईटीआई कटनी में बुधवार को उद्यमिता विकास केंद्र (ईडीसी) के माध्यम से एक दिवसीय उद्यमिता एवं स्थापना प्रक्रिया पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्टार्टअप की स्थापना, व्यवसाय पंजीयन, वित्तीय प्रबंधन, मार्केटिंग रणनीतियों, प्रोजेक्ट तैयारी, तथा स्वयं रोजगार के विभिन्न आयामों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में सेडमैप जिला समन्वयक द्वारा उद्यम स्थापना द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता पर व्यापक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक कौशल, योजना निर्माण, जोखिम प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं के प्रश्नों का समाधान कर उन्हें प्रायोगिक जानकारी दी गई।

## कार में 52 शीशी नशीली कफ सिरप के साथ दो पकड़ाए, बैकुंठपुर पुलिस ने घेराबंदी कर की कार्रवाई

**रीवा।**

बैकुंठपुर पुलिस ने अवैध नशीली सिरप के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपी कार में नशीली कफ सिरप लेकर जा रहे थे। पुलिस ने कार की तलाशी पर आरोपियों के कब्जे से 52 शीशी नशीली कफ सिरप जप्त की है। बैकुंठपुर पुलिस पकड़े गए आरोपियों से नशे की खेप देने वाले के संबंध मे पूछताछ कर रही है। इस पूरी कार्रवाई को लेकर बैकुंठपुर थाना प्रभारी जेपी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कार में दो युवक नशीली कफ सिरप लेकर बैकुंठपुर की ओर आ रहे हैं। जिसके बाद ग्राम कबरा के समीप पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर कार को रोका और जब उसकी तलाशी ली तो कार के अंदर दो युवक बैठे हुए पाए गए। कार में सवार आरोपी दिलीप गुप्ता पिता शोभनाथ गुप्ता निवासी बैकुंठपुर और रहीश यादव पिता किशोर यादव निबड़ी पाली थाना बैकुंठपुर के कब्जे से पुलिस ने 52 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त की है, जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

# जल प्रकृति की अनमोल संपदा है इसे संरक्षित करना हम सभी का है दायित्व

**जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किया गया बोरी बंधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

आगामी ग्रीष्मकालीन समय में पानी का संकट न हो इसके लिए जल का संरक्षण व संवर्धन करने जन अभियान परिषद के द्वारा जल संचय अभियान शुरू किया गया है। बहोरीबंद के तेवरी सेक्टर की ग्राम पंचायत बिचुआ के देवरीभार के झिन्ना नाला पर बोरी बँधान कार्य किया गया। यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति तेवरी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सलैया प्यासी तथा सीएम सीएलडीपी के छात्रों के तत्वाधान मै आयोजित किया गया।

जन अभियान परिषद जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल



द्वारा बोरी बँधान कार्य की सराहना की व उसके महत्व की जानकारी दी। उन्होने कहा कि जल प्रकृति की अनमोल संपदा है, इसे संरक्षित करना हम सभी का दायित्व है। जल संरक्षण के कार्य जनसहयोग से निरंतर जारी रखना चाहिए। नदी में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्य किया गया ताकि जल का अपव्यय न हो और जल संरक्षण हो सके। ऐसे प्रयास न केवल जल संकट से राहत दिला सकते हैं बल्कि भविष्य में पीने के पानी की उपलब्धता को भी सुनिश्चित करेंगे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि नाले पर बोरी बंधान के माध्यम से पानी संरक्षित करेंगे। ग्रामीणों को इस कार्य के माध्यम से जल प्रबंधन के अन्य उपायों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।जल संरक्षण हेतु हैंडपंप नाली एवं नालों में ज्यादा से ज्यादा बरसात का पानी बह जाता है उसके लिए सोक पिट एवं कुछ जगहों मे बोरी बंधान कार्य करने प्रेरित किया गया। जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने बोरी बंधान के फायदे बतलाये!उन्होंने कहा कि बोरी बंधान कर व्यर्थ बहने वाले पानी को सहेजा जा रहा है। ऐसा करने से गांव में भूमि जलस्तर बना रहेगा। वहीं भीषण गर्मी में भी निस्तार और पशु पक्षियों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता बनी रहेगी।बोरी बंधान से जल स्त्रोतों का पानी व्यर्थ नही बहता, भूमिगत जलस्तर बना रहता है।नदी व नालों का अस्तित्व बचाने मैं कारगर है व जलीय जंतुओं के लिए कारगर है।

### राजीनामा योग्य प्रकरणों का कराये निराकरण

**कटनी।** कल आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण हेतु जिला न्यायालय कटनी के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में, नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु न्यायालय में लंबित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण कराये जाने के संबंध में वन-टू-वन चर्चा की गई एवं न्यायालय में लंबित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।